1201 hrs

The Speaker made an Observation and appealed to the Members to follow Rules and Maintain Decorum in the House

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आप सबसे आग्रह करता हूं कि आप संसद की मर्यादा, नियम तथा प्रक्रियाओं का पालन करें, ताकि हम संसद की मर्यादा को बढ़ा सकें। हमारे कुछ पालनीय नियम भी हैं, सभी माननीय सदस्य उनका पालन करते हैं।

मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम 349 के अधीन कोई भी माननीय सदस्य सदन में केवल राष्ट्रीय ध्वज के अलावा लैपेल पिन या बिल्ले लगाकर नहीं आ सकते हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि आप संसद के नियम और प्रक्रियाओं का पालन करें। आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

अगर हम संसद की गरिमा, प्रतिष्ठा और नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो सदन की गरिमा गिरेगी और कोई भी व्यक्ति अलग-अलग तरीके के बिल्ले या बैच लगाकर यहां आएंगे। आप राष्ट्रीय ध्वज को लगाकर आएं, उसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी और तरह का बिल्ला लगाकर न आएं, मैं इसके लिए आपसे आग्रह करता हूं। आप इसका पालन करें।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अगर वे भी लगाकर आएंगे, तो उनको भी मना करेंगे। किसी भी तरह का बिल्ला लगाकर आएंगे, तो मना करेंगे, चाहे सत्ता पक्ष हो या चाहे प्रतिपक्ष हो।

? (व्यवधान)